# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 02.04.2025 समय : 1905

<><><><><><>

- सरकार ने लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक 2025 पेश किया।
- केंद्रीय युवा कार्य और खेल मंत्री ने कहा–देश के युवा भारत को विकसित देश बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।
- विश्व ऑटिज़्म जागरूकता दिवस के अवसर पर जागरूकता शिविर आयोजित।
- द्वीपसमूह में पहली बार 'अंडमान–निकोबार शतरंज महासंग्राम 2025' का आयोजन।

<><><><><><>

संयुक्त संसदीय समिति द्वारा रिपोर्ट किया वक्फ संशोधन विधेयक 2025, आज विचार और पारित करने के लिए लोकसभा में पेश किया गया। केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने विधेयक पेश करते हुए कहा कि इस विधेयक का मुसलमानों की धार्मिक प्रथाओं से कोई लेना–देना नहीं है। उन्होंने कहा कि यह केवल वक्फ बोर्डों से संबंधित संपत्तियों से जुड़ा है। श्री रिजिजू ने कहा कि सरकार वक्फ बोर्डों को समावेशी और धर्मनिरपेक्ष बनाना चाहती है।

<><><><><><>

केंद्रीय युवा कार्य और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने देश के युवाओं से राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ काम करने का आह्वान किया है। आज नई दिल्ली में विकसित भारत युवा संसद को संबोधित करते हुए डॉ. मांडविया ने कहा कि देश के युवा भारत को विकसित देश बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस दो दिवसीय कार्यक्रम का विषय है – विकसित भारत। श्री मांडविया ने युवाओं से राष्ट्र के विकास में योगदान देने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि इन युवाओं का चयन देश के 300 जिलों से किया गया है और युवा संसद देश के लोकतांत्रिक स्वरूप को समझने का अवसर देगी।

युवा कार्य और खेल मंत्रालय विकसित भारत युवा संसद का आयोजन कर रहा है। यह कार्यक्रम युवाओं को राजनीति और सार्वजनिक नीति से जोड़ने, शासन और राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए एक शक्तिशाली मंच के रूप में कार्य करता है। इस पहल के माध्यम से सामने आए विचार और चर्चाएं युवाओं के नेतृत्व वाली नीति में भागीदारी और राष्ट्रीय प्रगति के एक नए युग का मार्ग प्रशस्त करेंगी।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति–एनईपी 2020 को देश का बौद्धिक पुनर्जागरण बताया है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति वैश्विक स्तर पर शिक्षा और नवाचार के माध्यम से आत्मनिर्भर और प्रतिस्पर्धी राष्ट्र का मार्ग प्रशस्त कर रही है।

<><><><><><>

समग्र शिक्षा के अंतर्गत विभिन्न पदों पर अनुबंध के आधार पर भर्ती की जाएगी। इस सिलसिले में शैक्षिक कौशल परीक्षा, ट्रेड टेस्ट और साक्षात्कार के लिए चयनित उम्मीदवारों की अंतिम वरीयता सूची शिक्षा सदन के अलावा सभी ब्लॉक परियोजना कार्यालय और अंचल कार्यालय के सूचना पट्ट पर दर्शा दी गई है। बारह, पन्द्रह और सोलह अप्रैल को साक्षात्कार लिया जाएगा। उम्मीदवारों को साक्षात्कार से आधे घंटे पहले निर्धारित तिथि और स्थान पर उपस्थित रहने को कहा गया है।

<><><><><><>

उद्योग विभाग कक्षा नौं से बारहवीं तक के छात्रों के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेगा। ये प्रशिक्षण एक मई से पन्द्रह मई तक चलेगा। पन्द्रह दिवसीय इस निशुल्क प्रशिक्षण में हस्तशिल्प कला, नारियल शेल, लकड़ी, बेंत और बांस से जुड़ी कारीगरी सिखाई जाएगी। प्रशिक्षण के लिए सीटें सीमित हैं। इच्छुक छात्र इक्कीस अप्रैल तक मिडिल प्वाइंट स्थित उद्योग परिसर में आवेदन जमा कर सकते हैं।

<><><><><><>

आज विश्व ऑटिज़्म जागरूकता दिवस है। इस अवसर पर द्वीपसमूह में समग्र क्षेत्रीय केन्द्र ने एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया। इस अवसर पर आयुष हेल्थ मिशन के सहयोग से ब्रुक्शाबाद में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जहां विशेषज्ञों ने ऑटिज़्म से जुड़ी जानकारी साझा की और प्रभावित परिवारों को परामर्श दिया। इस वर्ष की थीम ''न्यूरो डाइवर्सिटी को आगे बढ़ाना है'', जिसका उद्देश्य शिक्षा, कार्य स्थलों और समाज में समावेशी माहौल बनाना है। सी आर सी के अधिकारी बिश्वजीत रॉय ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूकता फैलाने और ऑटिज़्म से प्रभावित लोगों को सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

<><><><><><>

समग्र क्षेत्रीय केन्द्र ब्रुक्शाबाद में निःशुल्क प्रोस्थेटिक और ऑर्थोटिक शिविर का आयोजन किया जाएगा। रोटरी क्लब और महावीर सेवा सदन के सहयोग से दस से चौदह अप्रैल तक शिविर आयोजित की जाएगी। सीआरसी ने कृत्रिम अंग के लिए संस्थान से संपर्क करने को कहा है। लाभार्थियों से नाम, आयु, संपर्क जैसे आवश्यक विवरण जमा करने का अनुरोध किया गया है। अधिक जानकारी के लिए फिजियोथेरेपी लेक्चरर टी.वाई. आबिद से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><>

विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से कहा है कि जिन लोगों की सुरक्षा जमा राशि अंडमान निकोबार राज्य सहकारी बैंक में सुरक्षित है, वे अब इसे द्वीपसमूह के किसी भी सार्वजनिक बैंक में स्थानांतरित कर सकते हैं। विद्युत विभाग उपभोक्ताओं के बिजली खपत की समीक्षा करेगा और उसके आधार पर सुरक्षा जमा राशि को संशोधित करेगा। यह राशि उपभोक्ता की औसत वार्षिक बिजली खपत के बराबर होगी। संशोधित राशि को उपभोक्ता सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में बैंक गारंटी या फिक्स्ड डिपोजिट के रूप में जमा कर सकते हैं।

<><><><><><>

विद्युत विभाग ने बिजली उपभोक्ताओं से ऊर्जा संरक्षण उपायों को अपनाने की अपील की है। विभाग ने कहा है कि शाम साढ़े पांच बजे से रात्रि नौ बजे के बीच बिजली की खपत को नियंत्रित कर लोड शेडिंग से बचा जा सकता है।

<><><><><><>

शिक्षा निदेशालय और खेल एवं युवा मामले विभाग अंडमान निकोबार शतरंज संघ के सहयोग से, द्वीपसमूह में पहली बार फिडे रैपिड रेटिंग ओपन शतरंज टूर्नामेंट– 'अंडमान–निकोबार शतरंज महासंग्राम 2025' का आयोजन करने जा रहा है। यह टूर्नामेंट उन्नीस और बीस अप्रैल, को नेताजी स्टेडियम में खुले मैदान में फ्लडलाइट्स के नीचे आयोजित होगा। यह प्रतियोगिता सभी खिलाड़ियों के लिए खुला है, जिससे प्रतिभागियों को आधिकारिक फिडे रैपिड रेटिंग प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। टूर्नामेंट के लिए कोई प्रवेश शुल्क नहीं है। सभी प्रतिभागियों के लिए वर्ष 2025–26 के लिए AICF पंजीकरण अनिवार्य है। पंजीकरण की अंतिम तिथि बारह अप्रैल शाम साढ़े पांच बजे तक है। इच्छुक खिलाड़ी गूगल फार्म लिंक के माध्यम से टूर्नामेंट के लिए पंजीकरण कर सकते हैं।

<><><><><><>

पशुपालन और पशु चिकित्सा विभाग की ओर से हाल ही में छोलदारी में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पोर्ट मोट के पशु चिकित्सा औषधालय की वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजली सोरेन ने किसानों को घर के पिछवाड़े मुर्गी पालन, रोग की रोकथाम और नियंत्रण के वैज्ञानिक प्रबंधन पर जानकारी दी। इस अवसर पर छोलदारी पंचायत प्रधान तापसी साहा ने विभाग के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में लगभग पैंतीस किसानों ने भाग लिया। किसानों को वनराजा चूजे और बत्तखें वितरित की गईं।

<><><><><><>